पंजाब केसरी 31/01/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में गांधी प्रतिमा के समक्ष रखा गया मौन व्रत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर मौन व्रत रखते प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं अन्य। (देवदत्त)

अम्बाला, 30 जनवरी (बलराम): राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर मंगलवार को अम्बाला छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष प्राचार्य डा. रोहित दत्त, शिक्षकों, गैर-शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा कुछ समय के लिए मौन व्रत रखा गया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि महात्मा गांधी अहिंसा एवं सत्य के पुजारी ही नहीं, अपितु सत्य की साक्षात मूर्ति थे। उनके जीवन से हमें प्रेरणा एवं ऊर्जा लेनी चाहिए। इतिहास विभागाध्यक्ष डा. धर्मवीर ने बताया कि गांधी केवल भारत में ही नहीं, अपितु विश्व में स्थापित हैं। उनके स्मारक प्रदेश व देश की शोभा बढ़ा रहे हैं।

हम सभी को गांधी जी की दिनचर्या से बहुत कुछ सीखना है। इस अवसर पर डा. सीमा कंसल, डा. सुरेंद्र नैन, डा. भाटला, डा. कुलदीप, डा. शिखा जग्गी और डा. मीनू राठी आदि मौजूद रहे।